## रजिस्ट्रार और ट्रान्सफर एजेन्ट की नियुक्ति
## Appointment of Registrar and Transfer Agent

**भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)** अपने वाणिज्यिक पत्र (सीपी), जमा प्रमाणपत्र (सीडी) तथा अप्रत्याभूत बॉण्डों (यूएसबी) के निर्गम के साथ ही 01 फरवरी, 2016 से डीप डिस्काउंट बॉण्ड (डीडीबी) और हैपी रिटर्न्स बॉण्ड (एचआरबी) के शोधन के लिए भी एक रजिस्ट्रार और ट्रान्सफर एजेन्ट नियुक्त करने का प्रस्ताव करता है। चुने गए रजिस्ट्रार और ट्रान्सफ़र एजेन्ट को एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा के आघार पर कार्य सौंपा जाएगा और उसके बाद समीक्षा के उपरांत, यदि उनका कार्य-निष्पादन संतोषजनक पाया गया तो, समान शर्तों पर उक्त कार्य का एक और वर्ष के लिए नवीकरण किया जा सकता है। कार्य के निर्देशात्मक दायरे निम्नवत् है :

**Small Industries Development Bank of India (SIDBI)** proposes to appoint a Registrar and Transfer Agent for its issuances of Commercial Paper (CP), Certificate of Deposit (CD) and Unsecured Bonds (USBs) and also servicing of Deep Discount Bonds (DDBs) and Happy Returns Bonds (HRBs) from February 01, 2016. The selected Registrar and Transfer Agent would be assigned the contract for a period of one year, renewable for one more year on the same terms and conditions, based on satisfactory performance on review. The indicative scope of work will be as under:

1) संविभाग प्रबंध / Folio Management
2) हस्तांतरण, उत्तराधिकार नामांतरण, नाम प्रतिस्थापन, समेकन, विभाजन (स्पिल्टस), यदि कोई हो।
   Transfers, Transmissions, Transpositions, Consolidations, Splits etc, if any.
3) पता / नाम / बैंक-खाता विवरण, ग्रहणाधिकार / मुख्तारनामा (अटर्नी अधिकार), आदि में परिवर्तन से संबंधित संव्यवहार।
   Transactions like change of address / name / bank account details, lien / power of attorney etc.
4) हस्तांतरण का पृष्ठांकन (स्टिकर्स) / Endorsement (Stickers) of transfer
5) ब्याज संसाधन, ब्याज वारंटों की प्रिंटिंग और उसे निवेशक्र को भेजना, डाक रजिस्टर करना।
   Interest processing, printing of interest warrants and forwarding the same to the investor, postal register.
6) आवरण पत्र निकालना (जेनरेट करना) / Covering letter generation
7) ब्याज वारंटों का समाधान / Interest warrants reconciliation
8) प्रमाणपत्रों / वारंटों की अनुलिपियाँ जारी करना
   Issue of duplicate certificates / warrants
9) हस्तांतरण / भुगतान संसाधन रोकना /Stop transfer / payment processing
10) यदि आवश्यक हो, तो पोस्टकार्ड, छपे-छपाए पत्र और कंम्प्यूटरीकृत पत्राचार के रूप में हस्तांतरण की पावतियाँ जेनरेट करना।
    Generation of acknowledgements for transfer in the form of postcards, preprinted letter and computer generated correspondence, if required.
11) सिडबी के अनुरोध के अनुरूप, कोई विशेष रिपोर्टें, जैसे - प्रबंध सूचना प्रणाली के प्रयोजन, मोचन के प्रयोजन या किसी अन्य प्रयोजन के लिए उपलब्ध कराना।

Any special reports viz., for MIS purposes, redemption purpose or for any other purpose as requested by SIDBI.

12) न्यायालयों / ग्राहक मंचों / अधिवक्ताओं / आयकर विभाग, आदि से प्राप्त पत्रों /पृच्छाओं के उत्तर देना।

Replies to queries from the Courts / Consumer Forums / Advocates / Income Tax Department etc

13) प्रत्येक निक्षेपागार (एनएसडीएल एवं सीडीएसएल) से संचार-व्यवस्थाओं का रखरखाव और निक्षेपागार सहब परिचालनों के लिए सतत संचार-व्यवस्था के रखरखाव की लागत कवर करना।

Maintenance of communication links for each depository (NSDL & CDSL) and to cover cost of maintaining ongoing linkage for the depository Link Operations

14) एनएसडीएल एवं सीडीएसएल परिचालनों के तहत होने वाले सभी संव्यवहारों के लिए संव्यवहार प्रग्रहण और संसाधन शुल्क।

Transactions capturing and processing fee for all transactions taking place in NSDL & CDSL operations.

15) जब-कभी सिडबी को आँकड़ों की आवश्यकता हो, तो निक्षेपागारों से बीईएनपीओएस आँकड़े उपलब्ध कराना।

Providing BENPOS data from the depositories as and when required by SIDBI

16) लिखतों की परिपक्वता या उनके पूरे भुगतान के बाद आईएसआईएन निर्वापित करने की व्यवस्था करना।

Arrange extinguishment of ISIN after maturity or full payout of instruments

17) मोचन किए जा चुके लिखतों के बारे में, उन निवेशकों को अनुस्मारक पत्र जारी करना, जिन्होंने अपने बांड अभी तक मोचित नहीं करवाए हैं।

In respect of redeemed instruments, issue of reminder letters to those investors who have not yet redeemed their bonds.

18) सिडबी के परिचालन विभाग का पता बदलने पर में निवेशकों को पत्र जारी करना।

Issue of letters to investors in the event of the address of the operating department of SIDBI gets changed.

19) निर्दिष्ट कार्य-दायित्व समाप्त होने के समय जो मामले अ-मोचित रह गए होंगे, उनके संबंध में ऐसे मामलों के परिपक्व होने तक, चयनित रजिस्ट्रार एवं ट्रान्सफ़र एजेन्ट संबंधित सेवाएँ प्रदान करेगा।

Non-redeemed issues at the end of the assignment will have to be serviced by the selected Registrar and Transfer Agent till the maturity of such issues.

20) जहाँ तक डीप डिस्काउन्ट बॉन्डों का संबंध है, चूँकि सिडबी ने जून, 2002 के दौरान "क्रय" विकल्प का उपयोग करते हुए बॉन्डों का मोटन किया था, अत: मौजूदा रजिस्ट्रार एवं हस्तांतरण एजेन्ट से सभी अभिलेखों (जीवंत एवं मोचित) का सुचारु हस्तांतरण और उनका मोचन होने तक रखरखाव सुनिश्चित किया जाना है। इसके अतिरिक्त, निवेशक और रजिस्ट्रार एवं हस्तांतरण एजेन्ट के बीच हुए पत्राचार /मेल संदेशों, आदि को सावधानीपूर्वक परिरक्षित और विधिवत् अनुरक्षित किया जाना है। निवेशकों की पूछताछ /स्पष्टीकरण का शीघ्रता से उत्तर /समाधान किया जाना आवश्यक है तथा तत्संबंधी पत्राचार सावधानीपूर्वक परिरक्षित और विधिवत् अनुरक्षित किया जाना है।

As regards Deep Discount Bonds (DDBS), since SIDBI has exercised “Call” option during June 2002 and has redeemed the bonds, smooth transfer of all records (both live and redeemed) from the existing R&T Agent and maintenance of the same till its redemption to be ensured. In addition, maintenance of correspondence / exchange of mails etc., between investor and R&T Agent to be carefully preserved and maintained diligently. Queries / Clarifications to investor needs to be promptly addressed and correspondence to be carefully preserved and maintained diligently.

21) डीप डिस्काउन्ट बॉन्डों के अधीन ईसीएस भुगतान जारी करने के संबंध में, फ़ाइल (बैंकर द्वारा निर्दिष्ट प्ररूप के अनुसार) उत्पन्न करना और बैंक को उनका प्रेषण करना सुनिश्चित किया जाना है, ताकि वे समय पर ईसीएस भुगतान कर सकें। निरस्तीकरण के मामले में, निवेशक को वारंट जारी किया जाना है। जहाँ तक डीप डिस्काउन्ट बॉन्डों से संबंधित गैर-ईसीएस भुगतानों तथा हैप्पी रिटर्न बॉन्डों के मामले में वारंटों के पुनर्वैधीकरण का संबंध है, निवेशकों को नए वारंट जारी किए जाने आवश्यक हैं तथा आँकड़े (बैंकर द्वारा निर्दिष्ट प्ररूप के अनुसार) अपलोड करना सुनिश्चित किया जाना है।

In respect of issue of ECS payments under DDBs, generation and dispatch of file (as per the format specified by the banker) to the bank is to be ensured so as to enable them to effect ECS payments on time. In case of rejection, issue of warrant to the investor is to be carried out. As regards non-ECS payments in respect DDBs and revalidation of warrants in respect of Happy Return Bonds (HRBs), fresh interest warrants needs to be issued to the investors and uploading of data (as per the format specified by the banker) is to be ensured.

22) जहाँ तक वाणिज्यिक-पत्र, जमा प्रमाणपत्र तथा अप्रतिभूत बॉन्डों का संबंध है, मौजूदा रजिस्ट्रार एवं हस्तांतरण एजेन्ट से सभी अभिलेखों (जीवंत एवं मोचित) का सुचारु हस्तांतरण और परिपक्वता तक उनका रखरखाव सुनिश्चित किया जाना है।

As regards live issues of Commercial Paper / Certificate of Deposit and Unsecured Bonds, smooth transfer of all records from the existing R&T Agent to be ensured and maintenance of the same till its maturity to be undertaken.

## महत्त्वपूर्ण जानकारी / Critical Information

निविदा सं. /Tender No. **400/2016/1134/BYO/RMD**

| **घटनाएँ / Events** | **तिथि / Date** | **समय / Time** |
|---|---|---|
| किसी स्पष्टीकरण के लिए अनुरोध की अंतिम तिथि<br>Last date for requesting any clarification | **January 08, 2016** | **15 hrs.** |
| बोली-पूर्व बैठक, यदि आयोजित करना आवश्यक हो। (बोली-पूर्व बैठक के बाद कोई स्पष्टीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा)<br>Pre Bid meeting, if required to be held<br>(no clarifications would be accepted after pre-bid meeting) | **January 18, 2016** | **15 hrs.** |
| बोलियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि<br>Last date for submission of bids | **January 18, 2016** | **15 hrs.** |
| बोली प्रस्तुत करने के लिए पता<br>Address for Bid Submission | **देश-प्रमुख (संसाधन प्रबंध उद्-भाग)**<br>भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक<br>चौथा तल, एमएसएमई विकास केंद्र<br>भूखंड सं. सी-11, जी ब्लॉक<br>बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी), बांद्रा (पूर्व)<br>मुबई-400051<br>फोन: 022-67531100 / 67531347<br>फैक्स : 022-67531282<br>**The Country Head (RMV)**<br>Small Industries Development Bank of India<br>4th Floor, MSME Development Centre,<br>Plot No. C-11, G Block<br>Bandra Kurla Complex (BKC), Bandra (E)<br>Mumbai - 400 051<br>Phone No. : 022-67531100 / 67531347<br>Fax No. : 022-67531282 | |
| अर्हता-पूर्व /पात्रता बोली का खोला जाना<br>Opening of Pre-qualification/ Eligibility bid | **January 18, 2016** | **15.30 hrs.** |
| वाणिज्यिक बोलियाँ खोलने की तिथि एवं समय<br>Date and time of opening of commercial bids | बाद में सूचित किया जाएगा।<br>To be intimated at a later date | |

| सिडबी के संपर्क विवरण / Contact details in SIDBI | | | |
|---|---|---|---|
| नाम<br>**Name** | पदनाम<br>**Designation** | फोन<br>**Phone** | ई-मेल<br>**E-mail** |
| श्री एस मल्लिकार्जुन<br>Shri S.Mallikarjun | महाप्रबंधक<br>GM | 67531339 | smallik@sidbi.in |
| श्रीमती सुमिता चौधरी<br>Smt Sumita Chowdhury | उप महाप्रबंधक<br>DGM | 67531270 | sumichow@sidbi.in |
| श्री वी श्रीनिवासन<br>Shri V Srinivasan | सहायक महाप्रबंधक<br>AGM | 67531291 | vsvasan@sidbi.in |